## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–12.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कल राज्य की चार लोकसभा सीट – पलामू, खूंटी, सिंहभूम और लोहरदगा में होगा मतदान। 64 लाख 58 हजार से अधिक मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग।
- निर्वाचन आयोग ने राज्य में शांतिपूर्वक मतदान की पूरी की तैयारी, सूचना तकनीकी के जरिये मतदान गतिविधियों पर लगातार रखी जायेगी निगरानी।
- ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को टेंडर कमीशन घोटाला मामले में जारी किया समन, मंत्री ने कहा – विभागीय जिम्मेवारी के कारण किया गया समन, 14 मई को देंगे जवाब।
- ओडिशा के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में आए तूफान के कारण राज्य के सीमावर्ती जिलों में अगले 24 घंटे में हवा और गरज के साथ हो सकती है बारिश

******************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कल झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। कल पलामू, खूंटी, सिंहभूम और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, इनमें से खूंटी, सिंहभूम और लोहरदगा अनूसूचित जनजाति के लिए जबकि पलामू अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट है। इन लोकसभा क्षेत्रों में कुल 64 लाख 58 हजार से अधिक मतदाता हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कल सवेरे साढ़े पांच बजे से मॉकड्रिल शुरू होगा, उसके बाद सात बजे से वोट डाले जायेंगे। मतदान केंद्रो पर मतदाताओं द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग और फोटो लेने पर प्रतिबंध रहेगा। राज्य में चुनाव को देखते हुए अंतरराज्जीय सीमाएं सील कर दी गयी हैं और संबंधित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। मतदानकर्मियों को संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों सह उपायुक्तों की ओर से मतदानकेंद्रों पर प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। जिलों के पुलिस अधीक्षकों की ओर से भी अर्द्धसैनिक बल सहित पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है।

******************

इधर, पलामू संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले गढ़वा जिले में कल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार की शाम पांच  बजे से ही प्रचार चुनाव प्रचार थम गया था। अंतिम चरण में सभी दल के प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपने–अपने पक्ष में करने का पूरा प्रयास किया। आज मतदान सामग्रियों के साथ मतदान कर्मी अपने–अपने बूथों पर चल चले गए। जिला मुख्यालय स्थित नामधारी महाविद्यालय डिस्पेच सेंटर से सभी मतदान कर्मियों को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों सहित बिहार, यूपी और छत्तीसगढ़  राज्यों की सीमाओं से लगे इलाकों में भय मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए अर्द्धसैनिक बल सहित सात हजार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है ताकि मतदाता निर्भिक होकर मतदान कर सकें।

******************

कल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने बताया कि जीपीएस युक्त सभी पोलिंग पार्टि वाहन को रवाना कर दिया गया है जिनकी मॉनिटरिंग मुख्यालय से लगातार किया जा रहा है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चौथे चरण के तहत चार लोकसभा सीट के लिए कुल 23 यूनिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यह 23 मतदान केंद्र थीम बेस्ड होंगे। उन्होंने बताया कि इसी तरह से 519 मतदान केंद्र को महिला संचालित बूथ बनाया गया है। जबकि 14 मतदान केंद्र का संचालन दिव्यांगों के माध्यम से कराया जाएगा।

******************

लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग और प्रशासन के साथ–साथ गैर सरकारी संगठनों और

आम लोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आकाशवाणी से बातचीत में उम्मीद जतायी कि इस बार राज्य में वोट प्रतिशत अच्छा रहेगा।

******************

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के सारंडा में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कार्य सम्पन्न कराने के लिए चाईबासा से मतदानकर्मियों को हेलिकौप्टर से किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, करमपदा और थोलकोबाद सहित अन्य बूथों पर भेजने का सिलसिला आज जारी रहा। भारतीय वायु सेना का हेलिकॉप्टर मतदानकर्मियों को ईवीएम व वीवीपैट आदि सामानों के साथ लेकर सीधे नक्सल प्रभावित मेघाहातुबुरु, करमपदा एवं थोलकोबाद स्थित हेलिपैड पर अलग–अलग समय में उतरा। यहां से मतदानकर्मियों को विभिन्न वाहनों से संबंधित बूथों पर भेजा गया। इस दौरान सीआरपीएफ व पुलिस की अभेद सुरक्षा व्यवस्था मौजूद थी।

******************

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कल से जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

******************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देगी। पश्चिम बंगाल में बैरकपुर निर्वाचन क्षेत्र में अपनी पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछडा वर्ग का आरक्षण लेने और धर्म के आधार पर आरक्षण देने के बारे में सोच रही है। प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि बैरकपुर क्षेत्र कभी जूट, कपास, पेपर और इंजीनियरिंग कार्यों का केन्द्र होता था और यह एक जीवंत औद्योगिक क्षेत्र था। आज अधिकांश मीलें बंद हो गई हैं और मीलों के कामगार तथा उनके परिवार दयनीय जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जूट किसानों को समर्थन देने के लिए चीनी और खाद्यानों की पैकिंग जूट की थैलों में करना अनिवार्य कर दिया है। लेकिन टीएमसी सरकार इसका समर्थन नहीं कर रही है और जूट किसान तथा जूट की मिलें राज्य में खराब हालत में है।

******************

झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को प्रवर्तन निदेशालय –ईडी ने आज समन भेजा है। ईडी ने समन भेजकर आलमगीर आलम को 14 मई को ईडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। जैसा कि आपको मालूम है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर आलमगीर के निजी सचिव संजीव लाल समेत छह लोगों के कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकाने से कुल 35 करोड़ रुपया बरामद किया था। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी ने दोनों को कोर्ट में पेश कर 13 मई तक रिमांड पर लिया है। श्री आलम ने ईडी के समन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मेरे पीएस एवं उनके नौकर के यहां ईडी की छापेमारी में रूपये मिले है और मेरा विभाग रहने के कारण स्वभाविक है कि ईडी हमें भी पूछताछ के लिए तलब करेगी और ऐसा ही किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें दो दिन का समय मिला है और इस दौरान आवश्यक कागजात तैयार करेंगे और ईडी का कार्यालय जाकर समन का जवाब दिया जायेगा।

******************

ओडिशा के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में आए तूफान के कारण राज्य के सीमावर्ती जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इस तूफान का असर पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और सिमडेगा जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में पड़ सकता है और गरज तथा हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में लोहरदगा, गुमला, रांची, खूंटी, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहेबगंज जिले के भी कुछ क्षेत्रों में हल्के बादल छाये रहेंगे।

*******समाप्त*******